Title: Need to take steps for all-round development of Buldhana Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री आनन्दराव विठोबा अडसुल (बुलढाना) मेरा संसदीय क्षेत्र बुलढाण, जो महाराट्र के विदर्भ रीजन के अंतर्गत आता है, यह एक अत्यंत पिछड़ा क्षेत्र है। इस क्षेत्र में सरकारी अथवा गैर सरकारी कोई भी उद्योग स्थापित नहीं है। यह क्षेत्र केवल कृि पर ही आधारित है, लेकिन प्रतिर्वा सूखे की चपेट में आ जाने की वजह से इस क्षेत्र की अधिकांश फसल नट हो जाती है और गरीब लोग भुखमरी की स्थिति में पहुंच जाते हैं। इस कारण इस क्षेत्र का विकास नहीं हो पा रहा है।

बुलढाणा क्षेत्र को नैशनल बैकवर्ड एरिया घोित करके वहां पर प्राथमिकता के आधार पर सरकारी अथवा गैर सरकारी क्षेत्र के कोई उद्योग स्थापित कर दिया जाये और प्रतिर्वा सूखे की चपेट में आने से रोकथाम लगाने के लिए कृि विद्यालय की स्थापना कर दी जाये तो इस क्षेत्र के विकास की संभावना है। अतः ऐसी स्थिति में मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह बुलढाणा संसदीय क्षेत्र के विकास हेतु उपर्युक्त योजनाएं प्राथमिकता के आधार पर अविलंब बनायी जायें।